an>

Title: Need to improve passenger facilities at Ghatshila Railway Station

in Jamshedpur Parliamentary Constituency.

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर (झारखंड) के अन्तर्गत घाटशिला स्टेशन और घाटशिला स्टेशन परिसर में व्याप्त बदहाली और अव्यवस्था के बारे में आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं।

घाटशिला स्टेशन तक अनुमंडल मुख्यालय स्टेशन है, जहां से करीब 2500 से 3000 से अधिक यात्री दैनिक आवागमन करते हैं और रेलवे को टिकट बिक्री से करीब 1.50 लाख से 1.60 लाख रूपयों की राजस्व की प्रतिदिन प्राप्ति होती है। विदित हो कि इस स्टेशन को मॉडल स्टेशन का दर्जा मिला है, लेकिन स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का घोर अभाव है, बरसों पुराने लगे शैड जर्जर हो गए हैं, इससे पानी लीकेज होता है। स्टेशन परिसर के बाहर के हालात भी अच्छे नहीं हैं, जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण हल्की बारिश होने पर भी भारी जल-जमाव हो जाता है। यहां वर्षों से जल निकासी के लिए नाली के निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। स्टेशन की विभिन्न समस्याओं को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को सूचित किया गया है, इसके बावजूद भी इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया गया है। अतः आपके माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि शीघ्र ही इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करते हुए घाटशिला स्टेशन को नवीनतम एवं पूर्ण व्यवस्थित करने हेतु दिशा-निर्देश जारी करने का कष्ट करें।